# प्रदेश के 3.25 लाख दुग्ध उत्पादकों को 183 करोड़ रु. का अनुदान जारी

## मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत भजनलाल सरकार ने 5 रुपये प्रति लीटर की दर से दी है अनुदान राशि

**जयपुर** (कासं)। राज्यभर की सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत 5 रुपये प्रति लीटर की दर से अनुदान राशि मिलने से खुशी की लहर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर दीपावली से ठीक पहले दुग्ध उत्पादकों को 183.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इससे राज्यभर में 3.25 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित हुए हैं। इतना ही नहीं, फैडरेशन से सम्बद्व अलग-अलग जिला दुग्ध संघों की दुग्ध समितियों द्वारा राज्यभर के दुग्ध उत्पादकों को दीपावली से पूर्व 20 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश अलग से वितरित किया गया है।

■ **दिवाली पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह अनुदान राशि जारी करवाकर किसानों को दिया तोहफा**

यह जानकारी देते हुऐ राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत 600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया था। दीपावली से पूर्व राज्य सरकार से राशि प्राप्त होने पर आरसीडीएफ द्वारा डीबीटी के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को 183.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। राज्यभर के दुग्ध उत्पादकों में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत अनुदान और लाभांश वितरण से खुशी की लहर है। भारद्वाज ने बताया कि राजस्थान राज्य की सहकारी डेयरियों में दुग्ध संकलन में लगातार हो रही बढ़ोतरी में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाले अनुदान का बहुत बड़ा योगदान है। राजस्थान राज्य के सभी दुग्ध उत्पादकों को आश्वस्त किया है कि दुग्ध उत्पादकों की सामाजिक एवं आर्थिक समृद्वि के लिये आरसीडीएफ कृत संकल्प है।

## गोविंददेवजी मंदिर में भजन संध्या आज

**जयपुर** । जयपुर समारोह 2024 के तहत हैरिटेज निगम की ओर से विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन मंगलवार शाम 6 बजे गोविंद देव जी मंदिर में आयोजित होगी।

जयपुर समारोह के नोडल अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हैरिटेज नगर निगम की ओर से जयपुर शहर के स्थापना के अवसर पर 18 अक्टूबर से एक महीने तक लगातार आयोजन किए जा रहे है। मंगलवार को जौहरी बाजार व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग हॉल में विशाल श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न भजन गायक मधुर स्वरों में श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण कुमार हसीजा सहित पार्षद और निगम अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। भजन संध्या में गायक मनीष गर्ग, इति वर्मा, सुमित सैनी रहेंगे, वहीं चंग धमाल में मनीष शर्मा, अंकुर शर्मा और प्रवीण शर्मा प्रस्तुति देंगे।

# जनहित से जुड़े सभी कार्य तय समय पर पूरे हों : कुसुम यादव

**जयपुर** । नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने सोमवार को निगम मुख्यालय पर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जोन के एक्सईएन, जेईएन और शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने सभी अधिकारियों से वार्डो में चल रहे सीवरेज, सड़क-नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट ली।

■ **निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए इंजीनियर्स को निर्देश दिए**



**हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली।**

महापौर कुसुम यादव ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्य नियत समय पर पूरे होने चाहिए,साथ ही महापौर ने निर्माण कार्यों में क्वालिटी वर्क को चैक करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि परकोटे में कुछ स्थानों पर सीवर जाम की समस्या आ रही है। जोन एक्सईएन मौके पर जाकर सीवर जाम का स्थाई समाधान करें। वहीं महापौर कुसुम यादव ने हेरिटेज निगम क्षेत्र के पार्कों में भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्युत शाखा एक्सईएन को भी पोल लाइट व पार्कों में लाइटिंग की व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना में चल रहे कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट का भी निरीक्षण किया। वहीं, महापौर कुसुम यादव ने सभी अधिकारियों को सभी वार्डो में पिछले चार साल में कराए गए विकास कार्यों की सूची तैयार कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

# सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिन पर दो हजार से अधिक दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

**जयपुर/चित्तौड़गढ़** । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के जन्मदिन को आज क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यक्रम किए। कहीं पर गौशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया गया, तो कहीं पर चिकित्सालयों में फल-बिस्कुत वितरित किए, मंदिरों में हवन-पूजन और अभिषेक कर अपने लोकप्रिय सांसद के दीर्घायु और मंगलमय भविष्य की कामना की। अनेक स्थानों जरूरतमंदों को फल और वस्त्र वितरित किए गए, रक्तदान शिविरों, खेल प्रतियोगिताओं, भजन संध्या और भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया।

सांसद सीपी जोशी ने जिला मुख्यालय स्थित शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय विद्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा के मुख्य आतिथ्य में दो हजार से अधिक दिव्यांगों को मोटराईज्डट्राई साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, ब्रेलकिट, सुगम्य केन सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगो के प्रति सेवाभाव से काम किया है। मन की बात कार्यक्रम में विशेष रूप से इंगित करते हुए कहा कि जिसमें कमी होती है ईश्वर उन्हें विशेष रूप से कोई ना कोई शक्ति देते है, उनमें कहीं ना कहीं विशेष योग्यता होती है। स्कूल, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप, लिफ्ट, एक्सेलेटर या अन्य सुविधाएं उपलब्ध होती है। पूरी दुनिया विकलांग दिवस मनाती है लेकिन मोदी सरकार ने दिव्यांग दिवस मनाना शुरू किया। इस दौरान सीपी जोशी ने सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले और कार्यकर्ताओं से संवाद किया।



**भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सी.पी. जोशी ने अपना जन्मदिन सोमवार को चित्तौडगढ़ क्षेत्र के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ मनाया।**

इस दौरान राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जोराराम कुमावत, पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झांझडिया, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, गोपाल कुमावत, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, देवेन्द्र पारीक, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, अशोक नवलखा, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, सांसद प्रत्याशी इंदु जाटव, प्रियंका बालान, प्रधान देवेन्द्र कंवर, बगदीराम धाकड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके बाद सीपी जोशी ने गंभीरी नदी पर दीपदान कर चुनरी अर्पण की। सीपी जोशी के जन्मदिन पर गंभीरी नदी के घाट पर भव्य गंभीरी आरती का आयोजन हुआ जो एक अनोखी पहल थी, इससे ऐसा महसूस हो रहा था मानो चित्तौड़ काशी बन गया है।

## पदोन्नति नहीं देने पर अवमानना नोटिस जारी

**जयपुर** । राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने अदालती आदेश के बावजूद भी अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति नहीं देने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अधिकरण ने यह आदेश लोकेश गुप्ता की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सीपी शर्मा ने अधिकरण को बताया कि पूर्व में अधिकरण ने याचिकाकर्ता की अपील पर सुनवाई करते हुए विभाग को कहा था कि वह सहायक अभियंता-सिविल, जिनकी पदोन्नित पूर्व में वर्ष 2008-09 के तहत हुई है, उनके अनुभव की गणना एक अप्रैल, 2008 से माने। वहीं याचिकाकर्ता को साल 2023-24 के खाली पदों के विरुद्ध अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नित दे। मामले में राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था।

## सार-समाचार

### आचार्य भक्ति करने से व्यक्ति के मन में निर्मलता आती है : मुनि प्रणम्य सागर

**जयपुर** । अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि प्रण्यम सागर महाराज ने पारस पुराण के आचार्य भक्ति भावना प्रसंग पर कहा कि "जो आचरण करते भी हैं और कराते भी हैं, जो 12 तप 10 धर्म 6 आवश्यक पंचाचार और तीन गुप्ती के धारक होते हैं, वह आचार्य कहलाते हैं। आचार्य परमेष्ठि वर्तमान में धर्म को आगे बढा रहे है ।आचार्य पद समाज द्वारा, गुरु द्वारा या संघ द्वारा दिया जाता है।" वे सोमवार को मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर आयोजित धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें आचार्य की भक्ति करते समय उनके गुण का, उनके कृतित्व का स्मरण करते हुए उनकी भक्ति करनी चाहिए। आचार्य भक्ति करने से मन में निर्मलता आती है जिससे चरित्र भी निर्मल होता है। आचार्य भक्ति करने से तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता है। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व दिगम्बर जैन समाज हीरापथ मानसरोवर ने धर्म सभा में चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, शास्त्र भेट एवं पाद पक्षालन का सौभाग्य एवं पंचकल्याणक हेतु मुनि संघ को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन,संयुक्त मंत्री सीए मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी, एडवोकेट राजेश काला, अरुण श्रीमाल, अशोक छाबड़ा, अरुण पाटोदी, विजय झांझरी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी के मुताबिक मंगलवार, 5 नवम्बर को प्रात: 8.15 बजे मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें जिसमें पारस पुराण का वाचन होगा।

### सड़क किनारे लाश मिलने से हड़कंप

**जयपुर** । मालपुरा गेट इलाके में एक व्यक्ति की रोड किनारे लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि किसान कॉलोनी सांगानेर में रोड किनारे एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिली थी। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवना कर मृतक की पहचान के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर शव को कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। मृतक की पहचान के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 50 साल है। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में बताया कि पिछले 2-3 साल से वह यहीं घूमता रहता है। मांग कर खाने के साथ ही शराब पीता था। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास करने में जुटी है।

### शॉर्ट सर्किट से ऑक्सीजन प्लांट में आग

**जयपुर** । सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) के ऑक्सीजन प्लांट के एमसीबी बॉक्स में सोमवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने से हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाकर तुरंत स्थित कंट्रोल में किया। सवाई मानसिंह अस्पताल स्टाफ के मुताबिक सोमवार दोपहर अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट के एमसीबी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट हुआ। शॉर्ट सर्किट से एमसीबी बॉक्स से आग की लपटे उठने लगी। ऑक्सीजन प्लांट में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का पता चलने पर अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत आग बुझाकर स्थित कंट्रोल पाया। समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

### घर छोड़कर भागा स्कूली छात्र

**जयपुर** । सुभाष चौक इलाके में एक स्कूल छात्र के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। पढ़ाई की बात पर पिता ने डांटा था। पुलिस घर छोड़कर भागे स्कूल छात्र की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मोहल्ला डाकोतान गलतागेट निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि 14 वर्षीय बेटा स्कूल में पढ़ाई करता और उसे पढ़ाई की बात को लेकर बेटे को डांट दिया था। डांट से नाराज होकर चुपचाप नजर बचाकर घर से भाग गया। घर पर नाबालिग बेटे के नहीं होने पर इधर-उधर तलाश किया। रिश्तेदारों व आस-पास क्षेत्र में ढूंढने पर भी नाबालिग बेटा नहीं मिला। बालक का नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस की टीमें नाबालिग स्कूल छात्र की तलाश में जुटी है।

### तहफ्फुजे औकाफ कॉन्फ्रेन्स 10 को

**जयपुर** । भारत सरकार द्वारा "वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में करने के बाद उक्त बिल का लोकसभा के अन्दर व बाहर भारी विरोध हुआ जिसके बाद इस बिल को ज्वाइन्ट पार्लियामेन्ट्री कमेटी ( ) को सोप दिया गया। इस बिल में स्पष्ट है कि मौजूदा वक्फ बोर्ड की हैसियत को सरकार समाप्त करना चाहती है और वक्फ जायदादों को नष्ट करना चाहती है। इसी उद्देश्य से बिल में सरकार द्वारा कई नए प्रावधान लाए गए हैं जो कि असंवैधानिक हैं। वक्फ अधिनियम 1995 पहले से ही बना हुआ है और संशोधित भी है, जिसमें वक्फ जायाददों के प्रबन्धन, संरक्षण और संचालन के उचित प्रावधान मौजूद हैं जिसके बाद किसी नए संशोधन की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उनमें छेड़-छाड़ करके वक्फ बोर्ड की हैसियत को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। वक्फ मुसलमानों की सम्पत्ति है जिसके लिए सेन्ट्रल वक्फ कमेटी व राज्यों के वक्फ बोर्ड में कमेटी मेम्बर केवल मुसलमान हो सकते हैं, परन्तु इस प्रस्तावित बिल में मुसलमानों के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों को कमेटी में शामिल करके कमेटी के संविधान द्वारा मुसलमानों के प्रदत्त अधिकारों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जा रही है।

### प्रदर्शनी में झलकेगी लोकरंग की रंगत

**जयपुर** । जवाहर कला केन्द्र की ओर से लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित 27वां लोकरंग महोत्सव सुनहरी यादें देकर विदा हो गया है लेकिन उसकी रंगत अभी भी बरकरार है। लोकरंग की रंग बिरंगी छटा को कई कला प्रेमियों ने तस्वीरों और स्केच के रूप में संजोया है। केन्द्र की ओर से लोकरंग में खींची गयी इन तस्वीरों और तैयार स्केच की एंट्री मांगी गयी थी। केन्द्र कीसुकृतिआर्ट गैलरी में 5 से 8 नवंबर तक लोकरंग के रंग प्रदर्शनी में ये कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक जारी रहने वाली प्रदर्शनी में लोकरंग के विभिन्न पहलुओं की झलक देखने को मिलेगी।

# दीपावली पर सूने मकानों से जेवर और नकदी चोरी

**जयपुर** । दीपावली पर चोर 4 सूने मकानों को निशाना बनाकर जेवरात और लाखों रुपए की नकदी ले गए। दोनों परिवार के बाहर जाने का फायदा उठाकर चोर मेन गेट के लॉक तोड़कर अंदर घुसे थे। घटनाएं भांकरोटा, खोहनागोरियान व करधनी इलाके की है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि चौधरी कॉलोनी कमला नेहरु नगर निवासी सुरेश चन्द शर्मा ने भांकरोटा थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ अपने दूसरे मकान पर गए हुए थे। पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से सूने मकान को निशाना बनाया। मकान का मेन गेट का लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने व कैश चोरी कर ले गए। अजमेर रोड कमला नेहरु नगर चौधरी कॉलोनी निवासी अमित भारद्वाज ने मामला दर्ज करवाया कि वह दीपावली पर अपने स्थाई मकान पर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी ले गए। घटना का पता पीडित को वापस घर लौटने पर लगा। करधनी थाने में हनुमंत नगर गोकुलपुरा निवासी जितेन्द्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह रविवार को परिवार सहित बाहर गए हुए थे। उनके सूने मकान का लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 16 हजार रुपए चोरी कर ले गए। वापस घर लौटने पर पीड़ितों को चोरी की वारदात होने का पता चला। चौथी घटना में गुरु कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने खोह नागोरियान थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह घर से बाइक की सर्विस करवाने गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और जेवरात व नकदी ले गए। वह वापस लौटा तो उसे मकान का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था।

## डॉ.पूनिया आज से राजस्थान के 5 जिलों के प्रवास पर

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 5 से 9 नवंबर तक राजस्थान के 5 जिलों में प्रवास पर रहेंगे, जहां वह विधानसभा उपचुनाव में विभिन्न सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। 5 नवंबर को सतीश पूनिया चूरू जिले के राजगढ़ में 68 वां राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। सतीश पूनिया 6 से 9 नवंबर तक झुंझुनूं, रामगढ़, खींवसर और देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। 6 नवंबर को सतीश पूनिया झुंझुनूं, 7 नवंबर को अलवर जिले के रामगढ़, 8 नवंबर को नागौर जिले के खींवसर और 9 नवंबर को टोंक जिले के देवली-उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

# सहकार उपहार दीपोत्सव मेले में जयपुर के लोगों ने 6 करोड़ की खरीददारी की

## इसमें से करीब 1.50 करोड़ से ज्यादा रुपए के पटाखे खरीदे

**जयपुर** (कासं)। जयपुरवासियों ने सहकार उपहार दीपोत्सव मेला-2024 में 6 करोड़ रुपये से अधिक की खरीददारी कर रिकॉर्ड बनाया है। कॉनफैड द्वारा उपभोक्ताओं को एमएमटीसी-पैम्प के शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्के एवं पटाखों के साथ अन्य आवष्यक त्यौहारी वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिये भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन सहकारी बाजार सहित वैशाली नगर स्थित उपहार केन्द्र पर विशेष व्यवस्था की थी। यह जानकारी कॉनफैड के प्रशासक एवं सहकारी समितियों की रजिस्ट्रार श्रीमती मंजू राजपाल ने सोमवार को दी।

उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर कॉनफैड द्वारा नवजीवन उपहार केन्द्र पर एमएमटीसी-पैम्प द्वारा निर्मित शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्कों की लगभग 3 करोड़ की बिक्री हुई। दीपोत्सव मेले का आयोजन 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव मेले में शिवाकाशी के कोक ब्रांड के पटाखे 50 से 65 प्रतिशत तक कम दामों पर जयपुरवासियों को उपलब्ध कराये गए। मेले में जयपुरवासियों द्वारा 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई।

■ **एम.एम.टी.सी. के सोने एवं चांदी के सिक्कों की जमकर हुई खरीददारी**

राजपाल ने बताया कि मेले में एक ही प्लेटफॉर्म पर पटाखे, एमएसटीसी-पैम्प के सोने-चांदी के सिक्के एवं अन्य आवश्यक त्यौहारी वस्तुएं होलसेल दरों पर उपलब्ध कराई गई। एमएमटीसी के चांदी के 10 ग्राम से 1 किलो तक एवं सोने के 1 से 100 ग्राम तक के सिक्के उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रार ने बताया कि दीपोत्सव मेला में 1.50 करोड़ से अधिक की दैनिक आवश्यकता की ग्रोसरी के उत्पाद, गिफ्ट पैक, ड्राई फ्रुट्स, सजावटी सामान आदि की बिक्री की गई। इस बार दीपोत्सव मेला में पहली बार राजीविका की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के विक्रय के लिये प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया ताकि उनके हुनर को पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा पिछले दिनों एक "ग्रीन इनीशियेटिव" के तहत सहकार भवन स्थित ग्रोसरी स्टोर पर हरी सब्जियों एवं फलों की व्यवस्था की गई है, जिसका रिस्पोंस बहुत अच्छा मिल रहा है।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मतदाता सूचियों के अपडेशन में सहयोग करें : नवीन महाजन

## प्रारूप मतदाता सूचियां 9 और 23 नवम्बर को ग्राम सभाओं में पढ़ी जाएंगी

**जयपुर** । राजस्थान में 193 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.एस.आर)-2025 अभियान के तहत 29 अक्टूबर को प्रारूप सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। अब जो नागरिक 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर रहे हैं, वे नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 17 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे मतदाता, जो वर्ष 2025 के 1 अप्रैल, 1 जुलाई , 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता होने की पात्रता प्राप्त कर रहे हैं, वे भी वीएचए एप अथवा बीएलओ अथवा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से प्रारूप-6 में अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ इस विषय पर बैठक में कहा कि एसएसआर अभियान के तहत आयोजित होने वाली विशेष बैठकों में अधिक से अधिक लोगों को हिस्सा लेना चाहिए तथा मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, मतदाताओं के पते, जन्मतिथि, फोटो आदि में संशोधन के कार्य में आवेदन प्रस्तुत कर सूचियों को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 28 नवम्बर है। महाजन ने कहा कि एसएसआर अभियान के तहत आगामी 9 और 23 नवम्बर को प्रारूप मतदाता सूचियों का ग्राम सभाओं, वार्ड अथवा आवासीय वेलफेयर सोसायटी की विशेष बैठकों में पठन और सत्यापन किया जाएगा उन्होंने मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने और इनके शुद्धिकरण के कार्य में राजनैतिक दलों और आम लोगों से भागीदारी की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्राम अथवा वार्ड सभा की बैठकों के अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर भी 10 और 24 नवम्बर को सम्बंधित बीएलओ राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट और आम लोगों के साथ बैठकों का आयोजन करेंगे, जिनमें सूचियों के पठन और सत्यापन कार्य किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, इन बैठकों के दौरान मतदाता सूचियों पर दावे-आपतियां और संशोधन के लिए आवेदन अथवा सुझाव दिए जा सकेंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों से सभी मतदान केन्द्रों के लिए अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियोजित करने और उन्हें इस प्रक्रिया तथा प्रस्तावित बैठकों में भाग लेने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया। महाजन ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूचियों पर सभी दावों और आपतियां का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 6 जनवरी, 2025 को होगा। एसएसआर अभियान-2025 के तहत सूचियों में नाम जोड़ने के लिए पात्रता तिथि 1 जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को फॉर्म-6 प्रस्तुत करने के विकल्प के रूप में नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप (वीएचए) का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पात्र आवेदकों के लिए एप के जरिए ऑनलाइन आवेदन अधिक सुविधाजनक और त्रुटिरहित प्रक्रिया है।

■ **मतदान केन्द्रों पर बी.एल.ओ. की बैठक 10 और 24 नवम्बर को होगी**

वर्तमान में राजस्थान विधानसभा के जिन 7 क्षेत्रों उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही हैं, वहां मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। ये निर्वाचन क्षेत्र झुंझुनूं, रामगढ़ (अलवर), दौसा, देवली-उनियारा (टोंक), खींवसर (नागौर), सलूम्बर (अनुसूचित जनजाति) (सलूम्बर) और चौरासी (अनुसूचित जनजाति) (डूंगरपुर) हैं।

## पटाखों की चिंगारी से कार में आग लगी

**जयपुर** । शिप्रापथ थाना इलाके में पटाखें की चिंगारी से एक कार में आग लग गई। आग का पता लगने पर स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग से कार का पीछे का हिस्सा जल गया। जानकारी के अनुसार पीडित ने छह माह पहले ही यह कार खरीदी थी।

पुलिस के अनुसार एसएफएस कॉलोनी निवासी सुरेंद्र ने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। पटाखों से निकली चिंगारी से कार में आग लग गई। कार का सिक्योरिटी अलार्म बजने पर आसपास के लोग घर से बाहर निकले को आग का पता चला। कार मालिक को आग के बारे में बताया। इसके बाद कार पर पानी डालकर आग को बुझाया गया। कार मालिक ने छह माह पहले ही क्रेटा कार खरीदी थी। कार को दीपावली के दिन साफ कर घर के बाहर खड़ा किया हुआ था। कार पर धूल न लग जाए, इसे लेकर कार को कवर से ढका हुआ था। रात करीब साढ़े तीन बजे कार के कवर पर पटाखे और रौकेट की चिंगाई गिरी। इससे कवर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते कार आग की चपेट में आ गई। कार कवर के कारण चारों तरफ से जलने गली, इससे हीट पैदा हुई। सबसे पहले कार का एक शीशा टूटा। शीशा टूटने पर सिक्योरिटी अलार्म बजने लगा। इससे पडौसी कार के अलार्म को सुनकर बाहर आए और शोर किया।